**Regarding merger of Kamptee Cantonment Board, Maharashtra with Municipal Corporation- laid**

श्री श्यामकुमार दौलत बर्वे **(रामटेक) :** मैं रक्षा मंत्री महोदय का ध्यान रामटेक लोक सभा क्षेत्र के कामठी छावनी परिषद क्षेत्र में रह रहे नागरिकों को हो रही तीन गंभीर समस्याओं की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय द्वारा 23 मई 2022 को जारी पत्र क्रमांक 1466 तथा 13 फरवरी 2024 के पत्र के अनुसार सभी छावनी परिषदों के नागरिक क्षेत्रों को संबंधित नगर निकायों में विलय किए जाने का निर्णय लिया गया है । इसके लिए गठित 7-सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति की बैठक 25 जून 2024 को डिफेंस सेक्रेटरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई थी । इसमें यह तय हुआ था कि नागरिक क्षेत्रों का विलय नगर निकायों में कर दिया जाए । परंतु कामठी छावनी परिषद ने अब तक कोई प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय को नहीं भेजा है, जिससे नागरिकों में भारी असंतोष है । छावनी परिषदों के बोर्ड विगत 5 वर्षों से भंग हैं, और केवल नामांकित सदस्य ही कार्यरत हैं, जिनकी लोकतांत्रिक वैधता नहीं है । मैं सरकार से माँग करता हूँ कि: कामठी छावनी का विलय प्रस्ताव शीघ्र भेजा जाए । लीज रेंट नीति में न्याय और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए । सभी छावनी परिषदों में शीघ्र चुनाव कर लोकतांत्रिक बोर्ड गठित किए जाएँ ।